हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 रेलवे स्टेशन मार्ग पर अंधेरा, गंदगी और टूटी सड़क से परेशान यात्री



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## ग्रामीणों ने की शिकायत, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# ग्रामीणों ने चन्दा कर 50 हजार में की बांध की मरम्मत, सरपंच सचिव ने बिल बनाया ढाई लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बलरामपुर के चित विश्रामपुर का मामला

गांव में सरपंच सचिव किस तरह से मनमानी कर शासकीय राशि का गबन करते हैं इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। गांव में ग्रामीणों ने छोटे से बांध का मरम्मत खुद ही चंदा और श्रमदान कर करा लिया, इस मरम्मत कार्य में 50 हजार रुपए खर्च हुए। इस बात की जानकारी जब सरपंच सचिव को हुई तो उन्होंने इंजीनियर से बांध का प्राकलन तैयार कर ढाई लाख रुपए निकाल लिया। अब गांव के युवाओं और उप सरपंच ने घटना की शिकायत करते हुए मामले में जांच की मांग की है। एसडीएम ने इस मामले की जांच के निर्देश भी दे दिए है।

यह मामला बलरामपुर जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम चित विश्रामपुर का है। बताया जा रहा है कि चित विश्रामपुर में पहाड़ी नाला पर एक बांध बना हुआ है। उक्त बांध जुलाई अगस्त माह में ही क्षतिग्रस्त हुआ था और नाले का पानी खेतों में घुस रहा था। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सरपंच सचिव से मिलकर मरम्मत की मांग की थी लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया था। जब पंचायत से कोई मदद नहीं मिली को गांव के उप सरपंच दारा सिंह परमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 50 हजार रुपए का चन्दा एकत्र किया और फिर ग्रामीणों ने खुद ही उक्त बांध की मरम्मत कर ली।



नाले पर बना मिनी डेम।

### दिए हैं जांच के निर्देश

इस मामले की जानकारी मिली है, शिकायत की जांच के निर्देश दिए है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

**-अभिषेक गुप्ता**, एसडीएम बलरामपुर

### खुद रख लिए दो लाख रुपए

ग्रामीणों का आरोप है कि बांध मरम्मत के बाद सरपंच, सचिव को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एक इंजीनियर को बुलाकर बांध के कार्य का मूल्यांकन कराया और फिर ढाई लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया। इसी प्रस्ताव के आधार पर ढाई लाख रुपए की राशि पंचायत मद में आ भी गई। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए ग्राम सभा की बैठक बुलाई। इस बैठक में ग्रामीणों को 50 हजार रुपए वापस कर लिया गया और बाकी रकम खुद रख लिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि जो काम 50 हजार रुपए में पूर्ण हुआ उसके लिए ढाई लाख रुपए का मूल्यांकन कर राशि आहरण करना कहां तक सही है। यही वजह है कि ग्रामीण इस मामले के जांच की मांग कर रहे है।

## गांजा की खेप मंगाने वाला युवक गिरफ्तार, यूपी से पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में गांजा की खेप मंग्वाले वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गये आरोपी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने 15 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोई संदिग्ध व्यक्ति सतगुरु कबीर आश्रम के पीछे गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर यूपी के सोनभद्र परसौना निवासी 19 वर्षीय आशुतोष शर्मा आ. विजय नारायण शर्मा को हिरासत में लेकर उसके पास से 6.5 किलोग्राम गाजा बरामद किया था जिसकी कीमत लगभग 1.25 लाख है। आरोपी से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने गांजा गुरुचरण यादव के कहने पर उड़ीसा से बिक्री करने के लिए लेकर आया था। ऐसे में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। अब पुलिस ने इस मामले में यूपी सोनभद्र के करमा खैराही अंतर्गत ग्राम सरौली निवासी 20 वर्षीय गुरुचरण यादव आ. धनेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने आरोपी गुरुचरण यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, सउनि अभिषेक दुबे, आरक्षक मंटू गुप्ता, देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप

### चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज सत्यापन आज

**बलरामपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में चिकित्सा अधिकारी पुरुष, फिजियोथेरापिस्ट, डेंटल सर्जन, ऑडियोलॉजिस्ट, ऑप्थैल्मिक, असिस्टेंट, रेडियोग्राफर एवं काउंसलर के पदों पर लिखित परीक्षा उपरान्त उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण, चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी की गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेज परीक्षण 13 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में किया जाएगा।

### ई-नीलामी प्रक्रिया से रेत खदान आबंटन हेतु प्रशिक्षण 14 को

**बलरामपुर।** खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आवंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अहर्ताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जाएगा। पोर्टल के विषय में जानकारी के लिए जिला अधिकारियों एवं इच्छुक बोलीकर्ताओं हेतु 14 अक्टूबर 2025 को शाम 04 बजे जिला कार्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित किया गया है। उन्होंने जिले के समस्त उत्खनन पट्टाधारी-इच्छुक बोलीकर्ता को निर्धारित तिथि एवं समय पर नियत स्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित होने कहा है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन 22 तक

**अम्बिकापुर।** बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंन्द्र में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन पत्र 22 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम मानिकप्रकाशपुर के आंगनबाड़ी केंन्द्र मानिकप्रकाशपुर एक में सहायिका के पद पर भर्ती की जानी है। इस हेतु केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आयु सीमा आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वे अपना आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर (ग्रामीण) से प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि तक परियोजना कार्यालय (ग्रामीण) में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### चोरों ने धर के परछी से ले उड़े बाइक,अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम मांजा परसापारा निवासी सुरेश कुमार साहू आ. राम स्वरूप साहू (28 वर्ष) गत दिन अपने पुराने घर परसापारा बाइक क्रमांक सीजी 29 एजी 6335 से गया था। रात में भोजन करने के पश्चात बाइक को सुरेश भारती के घर के परछी में खड़ा कर सोने चला गया। सुबह उठा और बाइक लेने गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर हलचल हुई तेज, 12 से अधिक ने की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से की गई मुलाकात, दिनभर रही गहमागहमी

सृजन शक्ति कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर जिले में हलचल तेज हो गई है। एआईसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों की टीम ने रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रायशुमारी की। बड़ी बात यह है सरगुजा से जिलाध्यक्ष की रेस में 12 से अधिक लोगों ने दावेदारी की है लेकिन इनमे सबसे पहला नाम जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक का जबकि दूसरे नम्बर पर ननि के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद का नाम है।

बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष के चयन हेतु चार सदस्यीय पर्यवेक्षकों की टीम झारखंड पूर्व पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में पहुंची है और इसी के साथ सरगुजा में जिलाध्यक्ष के पद को लेकर रेस तेज हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद हेतु 12 से अधिक लोगों ने दावेदारी की है और सभी अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर पर्यवेक्षक के समक्ष अपना दावा पेश कर रहे है। जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर रविवार को भी जिला कांग्रेस कार्यालय में गहमा गहमी की स्थिति बनी रही। इस दौरान झारखंड के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष श्री ठाकुर के साथ ही छग कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू एवं भानूप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने अम्बिकापुर शहर एवं अंबिकापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में ली। बैठक के उपरांत पर्यवेक्षक दल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी एवं नवगठित मंडलों के अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी से वन टू वन मुलाकात कर उनकी राय ली। अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की 6 एवं अंबिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कुल 9 मंडलों के अध्यक्ष के साथ ही उनकी कार्यकारिणी के सदस्य और बीएलए की टीम पर्यवेक्षक दल से मुलाकात किया। अम्बिकापुर शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक के उपरांत पर्यवेक्षक दल लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की रायशुमारी के लिये लखनपुर रवाना हो गया। लखनपुर में सामुदायिक भवन में बैठक के साथ ही वन टू वन चर्चा की गई। इसमें लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अतिरिक्त वहां के 9 मंडलों के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी से चर्चा की गई। 13 अक्टूबर को पर्यवेक्षक दल रायशुमारी के लिये उदयपुर, धौरपुर एवं लुंड्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा करेगा।



### सामाजिक समूहों से वन टू वन मुलाकात

सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के उपयुक्त व्यक्ति के लिये ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक के पूर्व पर्यवेक्षक दल ने सामाजिक समूहों से मुलाकात कर उनसे वन-टू-वन चर्चा की। इनमें जातीय, धार्मिक समूह के साथ ही समाज सेवा में जुड़ी संस्थाएं भी शामिल थी। ऐसी करीब 22 सामाजिक समूहों के प्रमुख एवं उनके दल से पर्यवेक्षक दल ने करीब 2 घंटे बारी-बारी से मुलाकात कर चर्चा की। धार्मिक एवं जातीय समूहों में आदिवासी समाज, गोंड समाज, अनुसूचित जाति वर्ग के समूह, रजक समाज, जायसवाल समाज, कायस्थ समाज, बंग समाज, क्षत्रिय समाज, ब्राह्मण समाज, सिख समाज, मुस्लिम समाज, मसीही समाज के साथ ही समाज सेवा में संलग्न कुछ एनजीओ के प्रमुखों से भी मुलाकात कर उनसे राय ली गई।

## एक बार फिर हाईटेंशन तार की चपेट में आकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाया गया था फंदा, छह आरोपी गिरफ्तार

एक बार फिर से जंगली सूअर के लिए बिछाए गए तरंगित जाल में फंसकर एक युवक की मौत हो गई। घटना बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र की है। जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए फंदे में युवक की मौत के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से जीआई तार व अन्य समान बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना के डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम विरेंद्र नगर निवासी 21 वर्षीय जयपाल पंडो आ. स्व. बासदेव पंडो 9 अक्टूबर की रात 9-10 बजे के बीच अपने दोस्त शिव प्रसाद पंडो के घर की तरफ गया था लेकिन वह रात को घर नहीं लौटा। इस दौरान परिजन ने सोंचा कि युवक अपने दूसरे घर में रुक गया है और उन्होंने इसपर ध्यान नहीं दिया। इस दौरान शिव प्रसाद पंडो ने युवक के भाई विक्रम पंडो को फोन पर जानकारी दी कि जंगल में जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए तरंगित तार के फंदे में फंसकर मौत हो गई है। भाई के मौत की जानकारी मिलने के बाद विक्रम पंडो ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद डिंडो चौकी प्रभारी नवल किशोर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस ने गांव में सदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चौकाने वाली जानकारी सामने आई। गांव में रामधनी पण्डो देवनरायण पण्डो, धनंजय पण्डो, अमीरचंद पण्डो, संदीप पण्डो, जयकांत पण्डो, शिवप्रसाद पण्डो ने मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु 11 हजार केवी के लाइन से जीआई तार खींचकर खेत के चारों तरफ बांस की खूंटी लगाकर तरंगित जाल बिछाया था। संभावना जताई जा रही है कि जब मृतक जयपाल पंडो रात को पैदल खेत के रास्ते जा रहा था तो वह हाईटेंशन तार के जाल की चपेट में आ गया। तार की चपेट में आते ही करेंट से युवक की मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि अवैध रूप से लगाए गये तार की जानकारी लोगों को पहले से थी लेकिन किसी ने समय रहते पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी। इस मामले में पुलिस ने डिंडो चौकी के वीरेंद्रनगर मिट्टी महुआपारा निवासी 52 वर्षीय रामधनी पंडो आ. स्व. रामसुंदर पंडो, 40 वर्षीय देवनारायण पंडो, 26 वर्षीय धनंजय पंडो आ. रामरूप पंडो, 30 वर्षीय अमीरचंद पंडो आ. देवचंद पंडो, 30 वर्षीय शिव प्रसाद पंडो आ. जगधारी पंडो को बीएनएस की धारा 105, 3 (5) व विद्युत अधिनियम की धारा 135 (क) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उन्हें जेल भेज दिया है।





### लगातार हो रही घटनाएं

बलरामपुर जिले में जंगली जानवरों के लिए लगाए गए तरंगित तार के जाल में फंसकर मरने का यह कोई पहला मामला नहीं है। जिले में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौतें इन तरंगित तारों के जाल में फंसकर हुई है। इन घटनाओं के मामले में पुलिस और वन विभाग ने कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी भी की है लेकिन इसके बाद भी इन घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। अवैध रूप से हुकिंग कर तरंगित तार का जाल बिछाने के मामले में वन विभाग ने भी एंटी स्नेयर वॉक अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत वन अमला और स्थानीय ग्रामीण जंगलों में भ्रमण कर ऐसे फंदो को बरामद करने का काम करेंगे ताकि भविष्य में तरंगित तारों के जाल में फंसकर लोगों को अपनी जान ना गवानी पड़े लेकिन कुछ समय बाद ही यह अभियान भी शांत हो गया है और जागरूकता के आभाव में लोग शिकार के लिए तरंगित फंदा लगा रहे है।

## मायके जाने नहीं देने पर महिला ने पी ली जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम कंनकनगर निवासी चारो कवर पति छोटेलाल कवर (22 वर्ष) 9 अक्टूबर को पति छोटे लाल से मायके महेशपुर जाने की बात कही। जिस पर पति ने जाने से मना कर गांव में घूमने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। छोटेलाल ने कीटनाशक की गंध आने पर कीटनाशक पी लेने पर उसे तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।





## टाइगर प्वाइंट के झरने से नीचे गिरा युवक, मौके पर मौत

**अंबिकापुर/मैनपाट।** पर्यटन स्थल मैनपाट के टाइगर प्वाइंट झरने से गिरकर रविवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक लगभग 40 फीट की उंचाई से नीचे गिरा। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि युवक लम्बे समय से बीमार था। ऐसे में आशंका है कि युवक ने कूदकर आत्म हत्या की है। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के नर्मदापुर निवासी 30 वर्षीय मयंक यादव आ. बलराम यादव रविवार की दोपहर घर से यह कहकर निकला था कि वह टाइगर प्वाइंट झरने में नहाने के लिए जा रहा है। इस दौरान युवक झरने के प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गया और घूमते हुए झरने से नीचे गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान घटना स्थल पर बड़ी संख्या में शैलानी मौजूद थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लगभग 40 फीट की उंचाई से युवक नीचे पत्थरों के बीच गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके पुलिस ने झरने के नीचे तलाश शुरू की। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद किया। मृतक की शिनाख्त होने के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

### पहले भी की थी आत्महत्या की कोशिश

बताया जा रहा है कि मृतक मयंक यादव को ट्यूमर से ग्रसित था और लम्बे समय से बीमार चल रहा था। इस दौरान लगभग एक सप्ताह पूर्व युवक ने कीट नाशक पीकर आत्म हत्या करने की कोशिश की थी लेकिन उपचार के बाद वह स्वस्थ हो गया था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि बीमारी से तंग आकर युवक ने आत्महत्या की है। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने आत्म निर्भर भारत अभियान को लेकर की पत्रकारों से चर्चा

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से बढ़ रहा आत्म निर्भरता की ओर : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जीएसटी सुधार, कर सरलीकरण और आयकर दरों में ऐतिहासिक छूट जैसे निर्णयों से भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है।

कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का मंत्र देकर संकट को अवसर में बदला, और आज वही विचार विकसित भारत की नींव बन चुका है। यह अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि देश भक्ति की अभिव्यक्ति है। मंत्री श्री जायसवाल भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से शुरू होकर 25 दिसंबर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चलेगा। इसके तहत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना से आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और रथ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में कार्य हो रहा है। बस्तर की लोक कला, चांपा का कोसा, जशपुर की कॉफी और महिला स्व-सहायता समूहों के हर्बल उत्पाद आत्मनिर्भरता के प्रतीक बन रहे हैं। श्री जायसवाल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ का जीडीपी पांच वर्षों में दुगना कर 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जो प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व में संभव होगा। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष रामजी गर्ग ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय प्रयास है। छत्तीसगढ़ इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और हमारे कार्यकर्ता इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, कार्यक्रम संभागीय प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अरुणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, विकास पांडेय, कोषाध्यक्ष निश्चल प्रताप सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, प्रवक्ता अजय सिंह बबलू, अंकित जायसवाल, अनिल जायसवाल, मनोज कंसारी, विकास वर्मा, जतीन परमार, धनंजय मिश्रा, रवि जायसवाल, संजीव वर्मा, अभिषेक सिंह देव, अजय सोनी, निरंजन रॉय सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### मुख्य चिकित्सा भवन का शिलान्यास आज

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मनेन्द्रगढ़ में 220 बेड अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग, छग शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विधानसभा क्षेत्र भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे आमाखेरवा ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। भाजपा नगर मंडल मनेन्द्रगढ़ ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समाज के गणमान्य नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की है।

### विस स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन आज

**चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह सम्मेलन प्रातः 11 बजे से मंगल भवन पोड़ी चिरमिरी में आयोजित होगा। इस अवसर पर छग सरकार में स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले एवं चिरमिरी महापौर रामनरेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, महापौर, सभापति, पार्षदगण, शक्ति केन्द्र संयोजक-सहसंयोजक, प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ अध्यक्ष-सचिव सहित चिरमिरी मंडल के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी एवं रीत जैन ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सौंपेंगे ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** 12 अक्टूबर से छग टीचर्स एसोसिएशन द्वारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रांतीय स्तर पर टीचर्स एसोसिएशन के वर्चुअल बैठक में टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर मंत्रियों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम कलेक्टर तथा डीईओ / बीईओ के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा।

## प्रशासन की अनदेखी से बिगड़ी शहर की छवि

# रेलवे स्टेशन मार्ग पर अंधेरा, गंदगी और टूटी सड़क से परेशान यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ का रेलवे स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

■ नागरिक बोले शहर का प्रवेश द्वार ही लाचार

सड़क जगह-जगह टूटी हुई है और दोनों ओर फैली गंदगी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। रात के समय यहां स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से अंधेरा छा जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे बनी नालियां कचरे और कीचड़ से पटी हैं। फुटपाथों पर उगी झाड़ियां यह साफ बताती हैं कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि रेलवे प्रशासन और स्थानीय प्रबंधन दोनों ही इस मार्ग की जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते रहते हैं। रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले विनोद अग्रवाल का कहना है कि स्टेशन शहर की पहचान होता है, लेकिन यहां तक पहुंचने वाला रास्ता ही शहर की छवि खराब कर रहा है। वहीं रोजाना ट्रेन से यात्रा करने वाली रेणु तिवारी ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ और अंधेरे में पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, कई बार वाहन फिसल जाते हैं। स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि शहर के इस प्रमुख मार्ग की तत्काल मरम्मत, नियमित सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिले और शहर की छवि में सुधार हो।


रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य मार्ग पर पसरी गंदगी

### दीपावलीः रंग-रोगन की रफ्तार तेज

**सोनहत।** दीपावली पर्व नजदीक आते ही सोनहत मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में पारंपरिक रूप से घरों, प्रतिष्ठानों से लेकर खेत-खलिहानों तक साफ-सफाई और रंग-रोगन की तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों से सफेद और काली मिट्टी लाकर घरों की लिपाई-पुताई में जुट गए हैं। वहीं मुख्यालय क्षेत्र में पक्के घरों में रंगाई-पुताई एवं आधुनिक रंग-रोगन कराने की तैयारी जोरों पर है। दीपावली को देखते हुए हार्डवेयर दुकानों और जनरल स्टोर्स में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। प्रतिष्ठान संचालक आधुनिक रंग, डिस्टेंपर, पेंट और सफाई उपकरणों की नई खेप मंगा रहे हैं, ताकि लोगों को पर्व से पहले आवश्यक सामग्री आसानी से मिल सके। मुख्यालय स्थित श्री तुलसी हार्डवेयर के संचालक मनोज जायसवाल ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न ब्रांड के रंग-रोगन और सफाई उपकरणों पर विशेष छूट के साथ सेल शुरू की गई है।

# घर के सामने खड़े ऑटो को अज्ञात ने लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 2 स्थित चेहरापारा में शनिवार की देर रात एक सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

■ क्षेत्र में दहशत, पुलिस ने जांच शुरू की

देर रात करीब 11:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक घर के सामने खड़ी ऑटो में आग लगा दी। कुछ ही मिनटों में वाहन आग की लपटों में घिर गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। अचानक हुए धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत घटना की सूचना चरचा पुलिस को दी। पड़ोसियों ने वाहन मालिक की बेटी को भी फोन कर जानकारी दी। परिजन के अनुसार, रोज की तरह गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी, लेकिन जब सूचना मिली तब तक ऑटो पूरी तरह जल चुकी थी। वाहन मालिक गुरूदयाल इस समय अपने पैतृक निवास औरंगाबाद बिहार में हैं। उनकी बेटी ने बताया कि ऑटो को पूरी तरह लॉक किया गया था और डीजल टंकी पर ताला लगा था, जिसे तोड़कर आग लगाई गई है।



संभवतः इसी वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। पीड़िता ने इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पास ही नगर पालिका का कचरा सेंटर और एक राशन सोसायटी है, जहां रात के समय कुछ लोग नशीली वस्तुओं का सेवन करते हैं।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में निःशुल्क आउटरीच कैंप का आयोजन



**चिरमिरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क आउटरीच कैंप का आयोजन वार्ड क्रमांक 9 गेल्हापानी सामुदायिक भवन में किया गया।

उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में चिकित्सकीय सुविधा, दवा वितरण, खून जांच, बीपी ,शुगर जांच एवं नेत्र परीक्षण जांच किया गया। आउटरेज कैंप में 118 मरीजों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया। इसमें 36 पुरूष, 54 महिला, 28 बच्चे रहे। आउटरीच कैंप में ज्यादातर मौसमी बीमारी से ग्रसित मरीज उपस्थित रहे, इसमें खुजली, सर्दी, खांसी, दर्द बुखार के मरीज की संख्या अधिक रही।

### सबेरे धूप, शाम होते ही छाए बादल

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में 12 अक्टूबर की सुबह से दोपहर तक तेज धूप खिली रही। दोपहर तक तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी का एहसास हुआ, वहीं किसानों ने यह मान लिया कि अब बरसात पूरी तरह थम चुकी है। इसी उम्मीद के साथ कई किसानों ने बाड़ी और तिलहन की खेती की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि शाम 4 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और शाम 6 बजे तक बारिश के आसार बन गए। अचानक बदले मौसम से किसान एक बार फिर संशय में पड़ गए। लगातार हो रही रूक-रूक कर बरसात से खंड क्षेत्र में तिलहन और सब्जियों की बुवाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अब किसान मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

# 17 केन्द्रों में 3889 ने दी वार्ड बॉय एवं आया की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। 17 केन्द्रों में कुल पंजीकृत 4729 में से 3889 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, वहीं 840 परीक्षार्थी किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा प्रातः 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की गई।

छग व्यवसायिक परीक्षा द्वारा आयोजित वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा में सरल सवालों से परीक्षार्थियों के चेहरे परीक्षा उपरांत खिले नजर आए, वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि हमारा ज्यादा समय गणित के सवालों को हल करने में लग गया। परीक्षार्थियों के अनुसार पेपर सरल आया था, जो अच्छे से तैयारी किए होंगे उसके लिए सरल था, लेकिन जिनकी तैयारी ठीक से नहीं रही उनके लिए पेपर कठिन हो सकता है। जानकारी के अनुसार वार्ड ब्यॉव एवं वार्ड आया की भर्ती परीक्षा में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम से कई सवाल पूछे गए थे, इसके अलावा गणित के ज्यादातर सवाल पूछे गए थे, वहीं सामान्य ज्ञान को लेकर भी ज्यादा उलझन नहीं रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत छात्र 480 में 407 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं 73 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में पंजीकृत 360 में 283 उपस्थित तथा 77 अनुपस्थित, शासकीय मॉडल रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 420 में 356 उपस्थित एवं 64 अनुपस्थित, शासकीय मॉडल गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 480 में 415 उपस्थित तथा 65 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल महलपारा बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में 198 उपस्थित तथा 42 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 240 में 188 उपस्थित तथा 52 अनुपस्थित, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम स्कूल खरवत में पंजीकृत 180 में 149 उपस्थित तथा 31 अनुपस्थित रहे।




# मृगांक ने आर्म रेसलिंग में जीता स्वर्ण पदक

## दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मनेन्द्रगढ़ का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्थानीय एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के कक्षा बारहवीं के प्रतिभाशाली छात्र मृगांक शिवहरे ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 12 वें मेगा कॉम्पिटिशन में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री बजरंग पूनिया ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, फ्रीस्टाइल रेसलिंग टोक्यो 2020 रहे। उन्होंने स्वयं मंच पर म्रगांक शिवहरे को स्वर्ण पदक पहनाकर और मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विद्यालयों से चुने गए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें बॉर्न टू विन श्रेणी के तहत म्रगांक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। आर्म रेसलिंग में म्रगांक ने फाइनल राउंड में शानदार जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। म्रगांक शिवहरे को केवल आर्म रेसलिंग में ही नहीं बल्कि मार्शल आर्ट और शतरंज जैसे खेलों में भी महारत हासिल है। उन्होंने पूर्व में जि ला और राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय के डायरेक्टर्स, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने म्रगांक की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि, म्रगांक न केवल विद्यालय बल्कि मनेन्द्रगढ़ जिले का गौरव हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने यह उपलब्धि दिलाई है। हम उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। इस सम्मान के साथ ही एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुआ है।

■ पद्मश्री बजरंग पूनिया के हाथों हुआ सम्मान



# दीपावली की असली रौशनी बच्चों की हंसी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

समाजसेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच ने दीपावली से एक सप्ताह पूर्व ही एक प्रेरणादायक पहल करते हुए ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों के बीच दीपावली उत्सव का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम घुटरा हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। इसमें जिसमें आसपास के लगभग दस गांव के 300 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के बीच खुशियां बांटना और त्यौहार की उमंग साझा करना था। बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक जादू शो का आयोजन किया गया, जिसे देखकर बच्चे मंत्रमुग्ध हो उठे। शो के बाद सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया और तत्पश्चात बच्चों को मिठाई, चॉकलेट और पटाखे वितरित किए गए। कार्यक्रम में निखिल अग्रवाल, मनीष गोयल, साकेत मित्तल, रोहन फरमानिया, सार्थक अग्रवाल, रोहित गोयल, आकाश अग्रवाल, मयंक गोयल, राहुल अग्रवाल, कृष गोयल, प्रतीक गोयल, राम अग्रवाल सहित समाज के वरिष्ठजन रतन कुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, राजेश गोयल, उन्नत शर्मा और भूषण अग्रवाल उपस्थित रहे।

विद्यालय के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, आनंद और सामाजिक जुड़ाव की भावना को बढ़ाता है। इस अवसर पर मंच के निखिल अग्रवाल ने कहा कि दीपावली केवल दीयों की रौशनी का पर्व नहीं, बल्कि मानवता और एकता का प्रतीक है। जब हम दूसरों के जीवन में खुशियां बांटते हैं, तभी सच्चे अर्थों में उजाला फैलता है। मनीष गोयल ने कहा कि त्योहार का असली आनंद तभी है, जब हम समाज के हर वर्ग को अपनी खुशियों में शामिल करें। आज इन बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी दीपावली है। रोहन फरमानिया ने कहा कि बच्चों की आंखों में चमक और मासूम मुस्कान देखना ही दीपावली का सच्चा अर्थ है। हर मुस्कुराता चेहरा एक जलते दीपक की तरह समाज में रोशनी फैलाता है। साकेत मित्तल ने कहा कि दीपावली हमें सिखाती है कि अंधकार पर प्रकाश की जीत तभी संभव है, जब हम सब मिलकर किसी के जीवन में उम्मीद जगाएं। वरिष्ठ समाजसेवी रतन कुमार अग्रवाल ने कहा कि समाजसेवा ही सच्ची पूजा है। जब युवा वर्ग दूसरों की खुशियों का कारण बनता है, तब यही दीपावली की सबसे सुंदर परंपरा बन जाती है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आया, बल्कि इसने दीपावली के उस सच्चे संदेश खुशियां बांटे और प्रकाश फैलाएं को जीवंत कर दिया।

### देवगढ़ रेंज में अवैध लकड़ी और शासकीय संपत्ति के दुरूपयोग पर छापेमारी

**सोनहत।** वन विभाग एक्शन मोड में नजर आ रहा है। देवगढ़ रेंज में हाल ही में पदस्थ नए रेंजर के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों पर लगातार नकेल कसने की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत केशगवां में एक पक्के मकान में अवैध लकड़ी लगाने के मामले में वन अमले ने छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार जिस व्यक्ति के घर पर यह कार्रवाई की गई है, उस पर पहले से ही कई गंभीर आरोप हैं। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत केशगवां द्वारा वर्ष 2021-22 में वन क्षेत्र में निर्मित 15 नग बोल्डर चेक डेम और वन विभाग की टेंच लाइन (जंगल घेराव) को तोड़कर चोरी-छिपे बोल्डर बेचने का आरोप है।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक 15 को

**बैकुण्ठपुर।** छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा (आईएएस से.नि.), (कैबिनेट मंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को प्रातः 11 से 12.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं कृष्णा गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष
ग्राम-बिहारपुर प.ह.नं.......

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद पावले आ. स्व. शिवभजन पावले जाति गौड निवासी ग्राम बिहारपुर प.ह.नं....... रा.नि.म..... तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता स्व. शिवभजन पावले का मृत्यु दिनांक 08/03/2025 को ग्राम बिहारपुर में हुई है अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बिहारपुर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 29/10/25 तक अपना आपत्ति इस न्यायायल में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लटोरी**
**जिला-सूरजपुर छ.ग.**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583760, 9826183760, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अक्टूबर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर सोनोग्राफी सुविधा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप

### नवाहीड दुर्गा पूजा समिति का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत नवाडीह दुर्गा पूजा समिति द्वारा छत्तीसगढ़ के लोककला मंच आर्केस्ट्रा लखन लाल देवांगन ग्रुप कोरबा द्वारा नावाडीह में 13 अक्टूबर की रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर समिति के शैलेश बाबा, रितेश यादव, मोहनलाल, धीरेंद्र जायसवाल, बीडीसी प्रेमचंद, सरपंच राजकुमारी आयाम सक्रिय है।

### नगर में करवा चौथ का व्रत महिलाओं ने धूमधाम से मनाया

**रामानुजगंज।** नगर में करवा चौथ का पर्व शुक्रवार को पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की



लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। शाम को महिलाओं ने सज-धज कर पूजा अर्चना की और चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला। शहर के विभिन्न मोहल्लों में सुबह से ही उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान लाल-पीली साड़ी, लहंगा-चोली और गहनों से सुसज्जित होकर करवा चौथ की पूजा की। बाजारों में भी करवा, पूजा की थालियों और श्रृंगार सामग्री की खूब खरीदारी हुई। शाम होते ही महिलाएं समूह बनाकर पूजा स्थलों या घरों के आंगन में एकत्रित हुईं। करवा माता की कथा सुनी और विधिपूर्वक पूजा संपन्न की। रात में चंद्रमा के दर्शन के बाद छलनी से पति को देखकर उन्हें जल पिलाकर व्रत खोला। कई जगहों पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और नृत्य भी किया। करवा चौथ के अवसर पर सामाजिक एकता और पारिवारिक प्रेम का विशेष दृश्य देखने को मिला। यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि महिलाओं के आत्मबल और समर्पण का भी परिचायक बना।

### बगैर अनुमति वार्ड के गलियों में गड्ढा करने पर वार्ड पार्षद ने की पुलिस से शिकायत

**सूरजपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 12 अग्रसेन वार्ड पार्षद श्रीमती मजूंलता गोयल ने




कोतवाली में शिकायत किया है कि वे नगर पालिका में जल कार्य विभाग की सभापति हैं वार्ड में गैस पाईप लाईन बिछाने के नाम पर नगर पालिका से आंशिक अनुमति लेकर मनमानी तरीके से बिना अनुमति सड़कों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया है। वार्ड क्रमांक 12 में श्याम मंदिर से पार्वती घाट तक की अनुमति ली गई, लेकिन बीपीसीएल के अंडर में काम कर रही एजेंसी द्वारा बगैर अनुमति वाले मोहल्ले में 200 गड्ढे खोदकर पाइप लाइन बिछा दिया गया है। जिसमें नियमानुसार कांक्रिट व डामरीकरण नहीं किए जाने से सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त व जानलेवा हो गई है। जगह-जगह पानी पाइप लाईन क्षतिग्रस्त कर देने से आए दिन पानी सप्लाई कार्य बाधित हो रही है। टीम के कर्मचारी शिवम कुमार, दिपेश दुबे व अन्य से चर्चा करने के बाद वे मशीनरी व कर्मचारी लेकर वार्ड से भाग गए हैं। वार्ड पार्षद ने बीपीसीएल गैस पाईप लाईन के नाम पर बगैर अनुमति की जा रही सड़कों व मोहल्लों की खुदाई करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### आरटीआई को खत्म करने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण

**अंबिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एवं यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी ने सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आरटीआई लागू किया गया। आरटीआई ने नागरिकों को मजबूत किया एवं भ्रष्टाचार के कई मामले सामने भी आए। आरटीआई अपने आप में एक विशेष प्रकृति का कानून था जिसकी प्रशंसा पूरे विश्व में हुई। इस कानून ने देश के नागरिकों को सरकारी सूचनाओं की आसानी से प्राप्ति का अधिकार दिया। यह बेहद चिंताजनक है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में आरटीआई को लगातार कमजोर किया गया है। 2019 में सूचना आयुक्त की शक्तियां कम की गईं। वर्तमान में केन्द्रीय सूचना आयोग में प्रमुख सूचना आयुक्त समेत 9 पद रिक्त हैं एवं केवल 2 सूचना आयुक्त नियुक्त हैं। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम के नाम पर आरटीआई में जानकारी छिपाई जा रही हैं। मोदी सरकार निहित स्वार्थों के कारण आरटीआई को धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### साई कॉलेज में हुई कविता निबंध प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित कविता, कहानी और निबंध प्रतियोगिता में 93 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की। कहानी और कविता लेखन के लिये प्रतियोगियों ने अपनी रूचि के अनुसार विषय तय किया जबकि निबंध का विषय विकसित भारत निर्धारित था। यूथ एक्टिविटी क्लब की प्रभारी नीतू सिंह ने बताया कि कहानी में प्रतियोगियों ने वर्तमान के साथ कल्पनाओं को वहीं कविता में हरियाली और महिला सशक्तीकरण पर अपनी प्रतिभा दिखाई।

## विधायक की पहल से हो सकी शुरू

# कृषि महाविद्यालय के संचालन शुरू होने से छात्रों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- लंबे समय से क्षेत्र के लोगों कर रहे थे मांग, स्वीकृति के बाद भी नहीं हो सका था प्रारंभ

क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय के संचालन शुरू होने से न सिर्फ क्षेत्र के छात्रों को बड़ी राहत मिली बल्कि लोगों में का फी उत्साह है। स्वीकृति मिलने के बाद भी महाविद्यालय का संचालन शुरू नहीं हो सकी थी और सिर्फ चुनावी मुद्दा बन गया था। इधर विधायक शकुंतला पोर्ते की पहल से गत दिन से ही कृषि महाविद्यालय का संचालन शुरू किया गया। महाविद्यालय के संचालन शुरू होने से अब क्षेत्र के छात्रों को लंबी दूरी तय कर अम्बिकापुर अध्ययन के लिए जाना नहीं पड़ेगा।

कहते हैं कि वो वादे नहीं, इरादे होते हैं जो इतिहास बनाते हैं। यह कहावत हर किसी पर सही नहीं बैठती, लेकिन विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने इसे न सिर्फ चरितार्थ किया, बल्कि अपने काम से यह साबित भी कर दिया कि अगर इच्छा शक्ति मजबूत हो तो असंभव को भी संभव में बदला जा सकता है।



छात्रावास में संचालित कृषि महाविद्यालय।

### मांग नहीं, अब हक बन चुका था यह कॉलेज

प्रतापपुर के लोगों की यह वर्षों पुरानी मांग थी। हर चुनाव में यह मुद्दा उठता, हर बार आश्वासन मिलता रहा। छात्रों को कृषि शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता था। ऐसे में आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक दबावों के बीच कई प्रतिभाएं दम तोड़ देती थीं। ऐसे में जब यह घोषणा हुई कि प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय की स्वीकृति मिल गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, तो यह खबर पूरे क्षेत्र में उत्सव बन गई।

### लंबी दूरी से मिली निजात

प्रतापपुर क्षेत्र बड़ी संख्या में छात्र कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर में पढ़ाई करने आते थे। प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय की स्वीकृत होने के बावजूद भवन निर्माण को लेकर महाविद्यालय का संचालन शुरू नहीं हो सका। ऐसे में छात्रों को लंबी दूरी तय कर अंबिकापुर कृषि महाविद्यालय आना पड़ता था। अब प्रतापपुर में ही कृषि महाविद्यालय का संचालन शुरू हो जाने से क्षेत्र के छात्रों का न सिर्फ लंबी दूरी तय करने से राहत मिली बल्कि अब प्रतापपुर में ही कृषि की पढ़ाई कर सकते है।

प्रतापपुर में बाकी नदी के समीप छात्रावास भवन में व्यापक व्यवस्था के साथ में दो दिन पूर्व से कृषि महाविद्यालय का क्लास प्रारंभ हो गया है। प्रतापपुर सहित आसपास क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। कृषि विद्यालय को लेकर स्थान चयन हेतु कई तरह की संशय बनी हुई है। लोग लंबे समय से प्रतापपुर में ही कृषि महाविद्यालय की मांग कर रहे थे। इधर विधायक शकुंतला पोर्ते ने मुख्यमंत्री सहित कृषि मंत्री से इस पर चर्चा करते हुए प्रतापपुर के बाकी नदी समीप बने छात्रावास भवन में कृषि महाविद्यालय को अंबिकापुर में लग रहे क्लास को अब प्रतापपुर में प्रारंभ कर दिया गया है जहां कृषि संबंधित पढ़ाई की जा रही है। कई वर्षों से लंबित, बहुप्रतीक्षित और बार-बार वादों में उलझा कृषि महाविद्यालय, जिसे केवल एक चुनावी मुद्दा बनाकर छोड़ दिया गया था। अब वही कॉलेज मूर्त रूप लेने लगा है। पूर्ववर्ती सरकारों के दिग्गज नेता भी इस योजना को हकीकत का जामा पहनाने में असफल रहे, वहीं पोर्ते ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद कर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतापपुर की यह ऐतिहासिक जीत केवल एक शैक्षणिक संस्थान की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह उस भरोसे का जवाब है, जो जनता ने अपनी विधायक पर जताया था।

### नहीं रुकेगी विकास कार्य

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के बड़े नेता अपने कार्यकाल में नहीं करवा सके उस कार्य को भाजना सरकार ने कर के दिखाया है। भाजपा सरकार द्वारा विकास के कई कार्य कर रहे है और विकास कार्य नहीं रूकेगी। यह सिर्फ शिक्षा की उपलब्धि नहीं, प्रतापपुर के आत्मसम्मान की भी जीत है। युवाओं को अब रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, स्थानीय स्तर पर कृषि तकनीक का विकास होगा और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी।






# कार्यशाला में वेब डीसीएफ के तकनीकी की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2024-25 विषय पर विवि के पुराने प्रशासनिक भवन में रासेयो की राज्य नोडल अधिकारी डॉ.नीता वाजपेई, मुख्य वक्ता डॉ.जितेंद्र कुमार गुप्ता के आतिथ्य एवं कुलपति प्रो.प्रेमप्रकाश सिंह एवं कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में कुलपति प्रो.सिंह ने प्राचार्यो एवं नोडल अधिकारियों को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन के पोर्टल पर डाटा अपलोड करने, संबंधित पहलुओं पर डेटा को वैलिडेट करने एवं शिक्षक के दायित्वों को निष्ठा से पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने नोडल अधिकारियों को विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं व शोध कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ.त्रिपाठी ने कार्यशाला को कुलसचिव डॉ.त्रिपाठी ने कार्यशाला में उपस्थित प्राचार्यगण को पूरक परीक्षा की जानकारी प्रदान की। उप कुलसचिव प्रवीण अग्रवाल ने विवि के पोर्टल पर निर्धारित समय पर आंतरिक मूल्यांकन के अंक एवं महाविद्यालय से संबंधित त्रुटि रहित जानकारी अपलोड करने की बात कही। तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डॉ.गुप्ता ने वेब डीसीएफ के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। अंत में अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यशाला का संचालन आनंद कुमार एवं आभार प्रदर्शन डॉ.समन नारायण उपाध्याय ने किया।

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राणिशास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिसेंट एडवांसेस इन बायोलॉजिकल साइंसेस विषय के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रथम दिवस टेक्नोलॉजी का महत्व, सिकलसेल, एनिमिया की रोकथाम, क्रोनालॉजी, कैंसर एवं क्रोनोथेरेपी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। द्वितीय दिवस प्रो.डॉ.मिनाक्षी तिवारी एवं मियामी विवि के डॉ.शैलेश ने कैंसर बायोलॉजी के विभिन्न आयामों पर अपने रिसर्च प्रस्तुत किए। हावर्ड मेडिकल स्कूल में डॉ.अरिजित चक्रवर्ती ने पैथोजन एवं मेक्रोफेज के अंतर्संबंध पर आणविक प्रक्रिया को समझाया। उतई दुर्ग के डॉ.अवधेश कुमार श्रीवास्तव साईनोबेक्टीरिया का उपयोग पर चर्चा की। डॉ.सुषमा केरकेट्टा ने कार्बन मार्केट ट्रांजिशन विषय पर व्याख्यान दिया। कुलपति प्रो.पीपी सिंह अतिरिक्त संचालक प्रो.रिजवान उल्लाह के आतिथ्य में संगोष्ठी का समापन किया गया। इस दौरान प्रो.अवशेष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एचडी महार, डॉ.जेरमिना तिर्की, डॉ.अनील कुमार सिन्हा उपस्थित थे। अंत में शोधार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.उमेश पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ.मोहनी भारद्वाज ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थी, विद्यार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित थे।




# मध्यप्रदेश के सीधी से लापता अर्धविक्षिप्त युवती को पुलिस ने परिजन से मिलाया

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस ने एक गुमशुदा अर्धविक्षिप्त युवती को उसके परिजन से मिलाकर एक परिवार की खुशी लौटा दी है,युवती पिछले दो महीनों से लापता थी,जिसकी पता तलाश उसके परिजन लगातार कर रहे थे,लटोरी पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे लटोरी पुलिस टीम रोड पेट्रोलिंग पर थी।

उसी दौरान ग्राम करवां क्षेत्र में एक अर्धविक्षिप्त युवती को सड़क किनारे भटकते हुए पुलिस टीम ने देखा,जब पुलिसकर्मियों ने उससे नाम-पता पूछने की कोशिश की,तो वह स्पष्ट रूप से अपने बारे में कुछ बता नहीं पा रही थी, थोड़ी बातचीत के दौरान पुलिसकर्मियों ने युवती के बोलचाल और उच्चारण से यह अंदाजा लगाया कि वह मध्यप्रदेश के बैढ़न या सीधि क्षेत्र की रहने वाली हो सकती है,इसके बाद लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता और उनकी टीम ने उससे विस्तार से बातचीत की,धीरे-धीरे विश्वास बनाते हुए युवती ने अपना नाम प्रीति केवट पति राजेश केवट 40 वर्ष, निवासी गली नंबर 3, वार्ड नंबर 14,आजाद नगर,बंजारी, जिला सीधि मध्यप्रदेश का होना बताया, रात होने के कारण युवती की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे तत्काल सखी वन स्टॉप सेंटर सूरजपुर में सुरक्षित रखवाया गया,इसके बाद लटोरी पुलिस ने जिला थाना सीधी और कंट्रोल रूम से संपर्क कर युवती के परिजनों को सूचना दी,सूचना मिलते ही परिजन तत्काल सूरजपुर पहुंचे,इसके पश्चात लटोरी पुलिस ने परिजन को साथ लेकर सखी सेंटर पहुंच युवती से मुलाकात की,दो महीने बाद अपनी लापता बेटी को सकुशल देखकर परिजनों की आंखें खुशी से भर आईं,पूछताछ में परिजनों ने बताया कि प्रीति करीब दो महीने पहले घर से बिना बताए निकल गई थी और उसका कोई पता सुराग नहीं मिल पा रहा था,इस कार्य में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, दिलेश्वर सिंह, आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, जयप्रकाश यादव एवं महिला आरक्षक सुनीता सोनपाकर सक्रिय रहे।

# एक मांग एक मंच अभियान की हुई बैठक हस्ताक्षर अभियान चलाने का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पांच प्रदेश अध्यक्ष और एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में एक मांग एक मंच अभियान की बैठक स्थानीय जनपद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव के नाम से एक सूत्री मांग पर नवंबर से पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

एक मांग एक मंच अभियान के नेतृत्वकर्ता श्री अटेरिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समय की मांग है अब पूरे प्रदेश के कर्मचारियों को अपने महंगाई भत्ता और महंगाई भत्ता के एरियर्स के लिए खुद को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर से 33 दिनों तक मुख्य सचिव के नाम से हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश भर में चलाया जाएगा। हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत सरगुजा जिले से की जाएगी। श्री अटेरिया के इस प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित एक-एक सदस्यों ने अपने उद्बोधन में समर्थन किया। संघ के प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष अनिल पांडे ने अभियान का नाम एक मंच एक मांग एक अभियान हर कर्मचारी अधिकारी का स्वाभिमान रखने का प्रस्ताव दिया जिसे उपस्थित लोगों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोषालय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ठाकुर ने बताया कि सरकार प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के साढ़े सात वर्ष का एरियर्स भुगतान रोके हुए हैं जिसे इस अभियान के माध्यम से ही पाया जा सकता है। बैठक को उपेंद्र पैकरा, मीना राजवाड़े, विद्याभूषण दुबे, सुजान बिंद, अनिल पांडेय ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन पंचायत सचिव कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने किया। इस दौरान करन सिंह अटेरिया, डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, मीना राजवाड़े, अनिल पांडेय, सुजान बिंद, विद्याभूषण दुबे, सुशील गुप्ता, अनिल गुप्ता, मो. हफीज खान, केएस गोयल, सुभाषचंद्र गौड़, सूरज विश्वकर्मा, पंकज मिश्रा, गायत्री देवी, सुशील गुप्ता, बनारसी प्रसाद, श्याम कुमार साहू, सुशील कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वयं सेवकों ने किया शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सारगवा मंडल के स्वयंसेवकों ने इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में शस्त्र पूजन व बौद्धिक कार्यक्रम बस्तियों में पथ संचलन किया। पथ संचलन में बाल स्वयंसेवक से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राध्यापक, छात्र , सरस्वती महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं ग्रामों के स्वयंसेवक शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ.आरएन खरे ने कहा कि संघ ने समाज जीवन के हरेक क्षेत्र में कार्य खड़ा कर मानवीय चेतना को जागृत करने का काम किया है तथा अपने कार्यों से भारत व भारतीयता को अनुपम भेंट दी है।



मुख्य वक्ता नरेंद्र सिन्हा ने कहा कि जब समाज में हिंदुत्व को लेकर निराशा की भावना व्याप्त थी तब अपने कुछ मित्रों के साथ राष्ट्रीय चेतना की जागृति के लिए नागपुर के मोहिते वाडा में विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की गई। शताब्दी अवसर पर संघ सामाजिक सद्भाव, स्वबोध, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, संघ के कार्य विस्तार व दृढ़ीकरण कार्य करने वाला है। इस दौरान समीर मंडल, विजय व्यापारी, अजीत सिंह, वीरेंद्र गवई, चंदेश्वर चक्रधारी, आरके साहू, महीधर दुबे, डेमन केशले उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल में रन फॉर डीएवी एवं साइकिल रैली कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्सावर्धन किया गया

डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में रविवार को प्राचार्य एचके पाठक के मार्गदर्शन में डीएवी,सीएमसी नई दिल्ली के निर्देशानुसार विद्यालय के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रन फॉर डीएवी मैराथन प्रतियोगिता एवं एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के तत्वावधान में कक्षा पांचवीं से सातवीं तक के बच्चों के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया,इसका उद्देश्य मनोविनोद के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ बनाए रखना है।

वरिष्ठ शिक्षक एएम चौबे, सी.पंडा,एलआर साहू, विमान घोष, अमूल्य भोई, रामजी सिन्हा, श्रीमती पी.दीक्षित एवं श्रीमती ममता सिंह के नेतृत्व में रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता में विद्यालय के पंजीकृत 475 छात्र-छात्राओं एवं साइकिल रैली में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएम संचालन जीके राय थे,अन्य अतिथियों में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह,एरिया पर्सनल मैनेजर एसकेपी शिंदे,पर्सनल मैनेजर एचएन तिवारी,प्राचार्य एचके पाठक थे,साइकिल रैली में विद्यार्थियों, अतिथियों सहित प्राचार्य ने उत्साह से सहभागिता की,मुख्य अतिथि जीके राय द्वारा क्रीड़ाध्वज दिखाकर रन फॉर डीएवी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया,मुख्य अतिथि जीके राय ने कहा कि इस अभियान से बच्चों का स्वस्थ मनोरंजन होता है और उनका उत्तम स्वास्थ्य बना रहता है,प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में बच्चों की भागीदारी अवश्य होनी चाहिए।स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने के लिए सभी को किसी न किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधियों में अवश्य भाग लेनी चाहिए। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया,सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।गौरतलब है कि रन फॉर डीएवी स्पर्धा के बालक वर्ग में आर्यन यादव,कक्षा आठवीं ने प्रथम,अथर्व यादव कक्षा बारहवीं ने द्वितीय एवं तीर्थराज यादव कक्षा नवमी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

बालिका वर्ग में सानिया कक्षा आठवीं ने प्रथम, श्रद्धा राजवाड़े, कक्षा बारहवीं ने द्वितीय और महिमा रवि कक्षा छठवीं ने तृतीय स्थान हासिल किया,साइकिल रैली में गुरमीत सिंह,कक्षा सातवीं ने प्रथम स्थान,विहान गुप्ता सातवीं ने द्वितीय एवं अथर्व मिश्रा,सातवीं ने तृतीय स्थान हासिल किया है,प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




### मैराथन दौड़ में 80 बच्चों ने लिया भाग

**प्रतापपुर।** कनक नगर डीएवी स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मनीष कुमार दुबे के निर्देशन में सुबह 8 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह तथा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया गया। यह दौड़ बस स्टैंड से प्रारंभ होकर खुरमा चौक में समाप्त हुई। इस दौड़ में लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय स्थान अंकित, नितिन और चंद्रकांत ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संध्या, सुनीता और सीमा द्वारा प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन प्रतापपुर का विशेष योगदान रहा। मैराथन का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करना है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में गतिशील बनाए।



### रन फॉर डीएवी में छात्र छात्राओं ने लिया हिस्सा

**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातू में रन फॉर डीएवी का आयोजन किया गया। डीएवी सीएमसी एवं डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दौड़ का शुभारंभ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु परिसर शुरू हुआ और अटल चौक में संपन्न हुआ। इस दौड़ में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष विनय भगत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शशिकला भगत, एएसआई राजेश पांडेय, सरपंच श्रीमती जयंती सरकार तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती कुंती नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बालक वर्ग में रूपेश कुमार गुप्ता ने प्रथम, नीरज कुमार ने द्वितीय और शौर्य रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में रूपा यादव, पूर्णिमा और रूपाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहीं। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रप्रेम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्राचार्य आशुतोष झा ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों सेवा, समर्पण और स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाना है। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष अक्टूबर माह में रन फॉर डीएवी कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य, एकता और सेवा का संदेश दिया जाता है।



## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स समाज की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज की बैठक में लंबित 5 फीसदी महंगाई राहत के आदेश जारी नहीं करने सदस्यों ने नाराजगी जताई तथा दीपावली पूर्व इस संबंध में आदेश जारी नहीं करने पर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। सदस्यों ने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए विगत दिनों सड़क हादसे में मृत शैलेश सिन्हा एवं उनके परिवार के प्रति शोक व्यक्त किया। जिला एवं ननि प्रशासन से क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरूस्त करने अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। इस दौरान हरिशंकर सिंह, शशि भूषण कुशवाहा, जय प्रकाश चौबे, एमएम मेहता, त्रिलोचन यादव, नरेंद्र सिंह, आरएन अवस्थी, यमुना लाल श्रीवास्तव, एसजे द्विवेदी, उमेश चंद्र सिंह, एसके विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### पीएम धन धान्य कृषि योजना के तहत कार्यशाला




**सीतापुर।** प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने कृषि विज्ञान केंद्र सीतापुर मैनपाट में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा गया कि आत्मनिर्भर भारत का आधार कृषि है और आत्मनिर्भर किसान ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। आज के युग में कृषि केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं बल्कि उद्यमिता और नवाचार का माध्यम बन चुका है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.राजेश चौकसे ने किसानों को नई कृषि तकनीकों जैसे ड्रोन आधारित छिड़काव, जैविक खेती, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण इकाइयों तथा कृषि स्टार्टअप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,पीएम-कृषि सिंचाई योजना और डिजिटल कृषि मिशन के बारे में विस्तार से बताया।

### शिविर में संभावित टीवी मरीजों की गई जांच



**मदनपुर।** सीएमएचओ एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमलपुर में निक्षम निरामय अभियान के तहत संभावित टीवी मरीजों का एक्स-रे जांच एवं स्पुटम कलेक्शन किया गया। शिविर में ग्राम कमलपुर, करतमा, गणेशपुर, पंडोनगर, पहाड़गांव, कनकपुर, गोपालपुर, सिलफिली, परसापारा के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीपी, शुगर, हिमोग्लाबिन, सिकलिंग की जांच एव उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में टीबी के संभावित 100 लोगो का एक्स-रे किया गया। इस दौरान सेक्टर प्रभारी डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. योगेश पाण्डेय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी दुर्गेश यादव के अलावा सुपरवाइजर श्यामकांत तिवारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बैल का मांस ले जाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** मृत बैल का मांस काटकर बटवारा करने तथा ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक ग्राम आमगांव निवासी आशीष कुमार गुप्ता आ. महावीर प्रसाद गुप्ता (26 वर्ष) ने 9 अक्टूबर को पुलिस को सूचना दिया कि ग्राम आमगांव नहर के पास ग्राम खरकोना निवासी रुकवा पहाड़ी कोरवा एवं ग्राम टिकनी निवासी कैलाश दिवाकर सहित दो-तीन अन्य व्यक्ति द्वारा ग्राम जमाडी का एक बैल की मृत्यु हो जाने से मृत बैल को दफनाने के लिए आमगांव नहर के पास ले गए। इधर रुकवा कोरवा, कैलाश दिवाकर द्वारा मृत बैल को दफनाने के बजाए बैल का मांस काटकर बंटवारा करने के लिए घर ले जा रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा प्रार्थी के साथ मौके पर जाकर चेक करने पर पुलिस के आने के अंदेशा होने से आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मौके पर मृत बैल को रुकवा आ. स्व. पुरवा (45 वर्ष) व कैलाश दिवाकर आ.स्व. पदुआ (40 वर्ष) द्वारा मांस बनाकर खाने के उद्देश्य से मांस काट कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा- 5,10 के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## चार महीनों से बंद है फ्लाई बिग की उड़ान

# आगामी सप्ताह शुरू हो सकती है बिलासपुर एवं रायपुर की फ्लाइट सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दृश्यता कम होने का हवाला देकर बंद की गई थी सेवा

वर्षाकाल समाप्त होने से हवाई जहाज की उड़ान में बाधा बनी दृश्यता की समस्या खत्म होने के बाद अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर की फ्लाइट सेवा निकट भविष्य में फिर से प्रारंभ हो सकती है। हालांकि फ्लाई बिग ने 10 अक्टूबर तक सेवा बाधित रखने की सूचना दी है लेकिन आगामी सप्ताह में एक बार फिर शहर से फ्लाइट सेवा प्रारंभ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी सौगात के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सफर की शुरूआत की गई थी। हवाई सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों में कम समय में छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के अन्य महानगरों का सफर करने की उम्मीद जगी थी लेकिन फ्लाइट का समय अनुकूल नहीं होने के कारण लोगों को निराश होना पड़ा। शाम के समय फ्लाइट का संचालन होने के कारण बिलासपुर एवं रायपुर का सफर भी प्रतिकूल साबित होने लगा। लोगों ने फ्लाइट के समय में बदलाव करने की मांग की लेकिन सबकुछ यथावत चलता रहा। फ्लाइट के समय में यात्रियों को सूचना दिए बिना अचानक बदलाव करने एवं अचानक फ्लाइट निरस्त करने के कारण क्षेत्रवासी हवाई सफर से किनारा करते गए। यही कारण है कि कभी 17 सीटर जहाज को पूरी सवारी नहीं मिले।

बरसात शुरू होते ही फ्लाई बिग ने दृश्यता कम होने का हवाला देकर फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया और विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर समय बढ़ाती रही। हालांकि बरसात के दौरान न तो लगातार बादलों की आवाजाही रही न ही पूरे दिन दृश्यता प्रतिकूल रही। फ्लाई बिग भी अपने दूसरे मार्गों पर निरंतर फ्लाइट का संचालन करती रही लेकिन अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर की फ्लाइट आज पर्यंत शुरू नहीं हो सकी। अब मानसून की वापसी शुरू हो गई है तथा दृश्यता कम होने की समस्या भी समाप्त हो गई है। ऐसे में अब कभी भी फ्लाई बिग हवाई सफर की शुरूआत कर सकती है।




### होगी कोहरे की समस्या

अभी मानसून की वापसी नहीं हुई है लेकिन वातावरण में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण पिछले दो दिनों से लगातार घना कोहरा छा रहा है। मानसून की वापसी होने के बाद सरगुजा में कोहरा का प्रभाव बढ़ जाता है तथा सुबह 10 बजे तक दृश्यता प्रभावित रहती है। ऐसे में फ्लाई बिग को फिर से दृश्यता की कमी से जूझना पड़ सकता है। कोहरे का घनत्व बढ़ने पर फ्लाई बिग फ्लाइट का संचालन नियमित रखेगी या पूर्व की तरह पुनः दृश्यता का हवाला देकर सेवा बंद कर देगी इसको लेकर लोगों में ऊहापोह की स्थिति है। हवाई सेवा प्रदाता फ्लाई बिग को यात्रियों में विश्वास जगाने का भी प्रयास करना होगा।

### बढ़ सकती है फेरों की संख्या

चर्चा है कि फ्लाई बिग पूरे सप्ताह बिलासपुर एवं रायपुर के लिए फ्लाइट चलाने की कोशिश में है। सूत्रों का कहना है कि फ्लाई बिग ने इसके लिए डीजीसीए के पास आवेदन भी किया है। डीजीसीए की अनुमति मिलने पर फ्लाई बिग आगामी दिनों में पूरे सप्ताह फ्लाइट चला सकती है। सूत्रों का यह भी कहना है कि फ्लाई बिग के पास निर्धारित रूट के अनुसार पर्याप्त जहाज नहीं है। फ्लाइट में समस्या आने पर कंपनी तत्काल किसी निर्धारित मार्ग पर फ्लाइट निरस्त कर दूसरे मार्ग पर भेज देती है। जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### अधिकारियों ने दी है सूचना

फ्लाई बिग के अधिकारियों ने आगामी सप्ताह से फ्लाइट चलाने की सूचना दी है। आगामी सप्ताह फ्लाइट शुरू हो सकती है

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट दरिमा



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

## मदनपुर में टायर फटने से जाइलो वाहन अनियंत्रित होकर पिकअप से टकराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जर्जर एनएच की खस्ताहाल स्थिति के कारण हुआ एक और सड़क हादसा

शनिवार की रात ग्राम मदनपुर स्थित चौदहा पेट्रोल पंप के समीप हुए एक सड़क हादसे ने बदहाल एनएच सड़क व्यवस्था की फिर से पोल खोल दी है,गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदनपुर में एनएच 43 पर सड़क पर बने गहरे गड्ढों और असमान सतह की वजह से एक महिंद्रा ज़ाइलो वाहन क्रमांक सीजी 16 बी 3542 का टायर अचानक फट गया। जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 7999 से तेज गति से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि जाइलो वाहन का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,जबकि पिकअप वाहन पलटकर सड़क किनारे जा गिरा,हादसे के दौरान कुछ क्षणों के लिए मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया,गनीमत यह रही कि दोनों वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए हैं, कोई जनहानि नहीं हुई है,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण और पेट्रोल पंप के कर्मचारी मौके पर दौड़ पड़े,वाहन चालकों की पहचान में पता चला कि जाइलो वाहन का चालक करन निवासी मनेंद्रगढ़ है जबकि पिकअप वाहन का चालक मनोज निवासी चिरमिरी है,लोगों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहन संभालना मुश्किल हो गया था,एनएच 43 की जयनगर से अजबनगर तक की सड़क पिछले कई महीनों से खस्ताहाल है,जगह-जगह गहरे गड्ढे,उखड़ी हुई डामर और असमान सतहों के कारण आए दिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं,भारी वाहनों के कारण सड़क पर धूल और पत्थर जमा है,ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं,जिनमें स्कूल बसें और एम्बुलेंस भी शामिल हैं,यदि सड़क की जल्द ही मरम्मत नहीं की गई,तो किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है,एनएच 43 के इस हिस्से पर हाल के महीनों में कई हादसे हो चुके हैं,इस वजह से अब लोगों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो गया है।

## घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति की बैठक में छठ पूजा की तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

छठ की तैयारियों को लेकर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति सोहगा, करजी की बैठक में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छठ पूजा की तैयारियों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में एक-दो दिन में घाट क्षेत्र की साफ-सफाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान छठ घाट निर्माण, व्रतियों के लिए घाट की नम्बरिंग, पार्किंग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, व्रतियों के रात्रि विश्राम, ठंड से सुरक्षा के उपायों, घाट की सजावट सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बार छठ घाट पर लाइटिंग की खास व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक राकेश गुप्ता, अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, संजू कश्यप, उत्तर राजवाड़े, नारद गुप्ता, शशि पाण्डेय, निलेश कश्यप सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में गूंजा श्रृंगार रस, देश-विदेश से जुड़े कवि

**रामानुजगंज।** विशाखापट्नम की साहित्यिक संस्था गुंजन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिले सहित भारत और विदेशों से भी कई साहित्यकारों ने सहभागिता की। सम्मेलन का मुख्य विषय श्रृंगार रस था, जिसमें प्रेम, सौंदर्य और भावना की विविध छटाएं अभिव्यक्त की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वाति महेश्वरी द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली गणेश वंदना से हुई। संचालन का दायित्व गुंजन शाखा की अध्यक्ष डॉ. दीपा गुप्ता ने निभाया। उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। सम्मेलन में विभिन्न देशों से कवियों ने जुड़कर अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी। एडमिरल नूर दिल्ली – सुबह की चाय की चुस्की, सुरेश (नॉर्वे) – ओ पूनम का चाँद, वीना (अमेरिका) – भावविभोर प्रस्तुति, भारती (कनाडा) – चलो आज फिर मिलकर चलते हैं, डॉ. डीके उपाध्याय (चिरमिरी) – दिन ढलेगा तो फिर रात हो जाएगी, जूही (विशाखापट्नम) – है आरज़ू इतनी सी, वीरेंद्र – तेरी सोहबत में, निगम राज (बैंगलोर) – चाँद आगोश में,डॉ. गिल – मुलाकातों का स्पंदन, डॉ. शिशुपाल गुप्ता-प्रीत मुझको सिखाया न कर,डॉ. दीपा गुप्ता – उठ ओ सजनी, डॉ. मधुबाला कुशवाहा (विशाखापट्नम) – फुरसत में बतियाना। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मधुबाला कुशवाहा द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार प्रकट किया गया। सम्मेलन में श्रृंगार रस की विविध रंगों में सजी कविताओं ने सभी को अभिभूत कर दिया।



## हेल्थ प्लस



### आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन

**अम्बिकापुर।** शहर के बंगाली चौक स्थित आस्था मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में किया गया। हॉस्पिटल में मरीजों को मेडिसिन, स्त्री व प्रसूति, सर्जरी, शिशु रोग, हड्डी रोग, नाक-कान-गला और एनेस्थिसिया जैसे विभागों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। केंद्र में इंदिरा आईवीएफ सेंटर स्थापित किया गया है। इस दौरान डायरेक्टर विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार सिन्हा, सीओ आर्यन गुप्ता, एमडी मेडिसिन डॉ.इम्तियाज अली अहमद, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.सुबरत दास उपस्थित थे।



### ग्राम पतरापाली में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत पतरापाली में वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां धनवंतरी की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन से की गई। सरपंच श्रीमती परवतिया सिंह एवं वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष लालचंद अग्रवाल ने पंडित नागेन्द्र उपाध्याय के मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. एसके त्रिपाठी एवं उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया, जिसमें 118 महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। शिविर को सफल बनाने में सरपंच श्रीमती परवतिया सिंह, उपसरपंच मधु शीला सिंह, जनपद सदस्य अनीता सिंह, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ नागरिक कमला प्रसाद दुबे एवं शोभित देवांगन का सक्रिय रहे। इस अवसर पर जनपद सीईओ संजय राय, डॉ. त्रिपाठी एवं उनकी टीम की सराहना की। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविशंकर मिश्र, प्रवक्ता एसके तिवारी, पवन मित्तल, रामानुजनगर संघ अध्यक्ष विश्वनाथ पटेल, सचिव एनएस ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर में लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आयुष विभाग द्वारा रजत जयंती के अवसर पर एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन पुराना बस स्टैंड सूरजपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, संयोजित लाल चंद्र अग्रवाल, पवन मित्तल, रवि शंकर मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, राम लखन गुप्ता, विश्वनाथ प्रताप साहू द्वारा किया गया। एक दिवसीय आयुष जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर में संचारी एवं गैर संचारी रोगों का इलाज एवं परामर्श विशेषज्ञ आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श किया गया। साथ ही सभी मरीजों का बीपी शुगर की जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में सियान जतन, बायोमित्र, पैलिएटिव केयर, सुप्रजा आदि के बारे में बताया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. अबुल फैज, आयुष चिकित्सक डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अनीता पैकरा, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी, डॉ. ऋषि शुक्ला,डॉ.परमेश्वर पटेल, डॉ. रुद्र प्रताप राजवाड़े, डॉ. राखी केसरवानी, डॉ. उमेश कुमार बलानी, डॉ. लीना, डॉ. निकिता टोप्पो, डॉ. अंकित लकड़ा, डॉ. निरूपा भगत, डॉ. कीर्ति, फार्मासिस्ट भूषण, दाऊ राम कंवर, सुनील कंवर, अजय समझदार, प्रेम, गौरी शंकर सिंह, मनीष दीपक साहू, सुभाष भास्कर, जय कुमार कुजूर, अनिल मांडवी, धन साय, श्रवण राजवाड़े, रामधन, भूपेंद्र सिंह,गणेश्वर पैकरा सहित अन्य उपस्थिति रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## आयुर्वेद भारत की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला स्तरीय शिविर में हुआ 756 मरीजों का उपचार

महापौर मंजूषा भगत के मुख्य आतिथ्य में आयुष विभाग द्वारा गुरूनानक चौक पर जिलास्तरीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 756 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां दी।

शिविर का उद्घाटन करते हुए महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि आयुर्वेद भारत की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद हमें प्राकृतिक जीवन की प्रेरणा देता है। आयुर्वेद चिकित्सा अत्यंत समृद्ध चिकित्सा प्रणाली है तथा इसमें गंभीर से गंभीर रोगों को नियंत्रित करने की सामर्थ्य है। घर-घर में प्रचलित दादी-नानी के टोटके के माध्यम से हम सभी आयुर्वद की ताकत से परिचित हैं। आयुर्वेद चिकित्सालयों के माध्यम से चिकित्सक गांव से लेकर शहर तक के मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.सीमा मेहरा ने वर्तमान लाईफ स्टाइल की खामियों पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने सभी को सुबह जागने, नियमित अपनी सामर्थ्य के अनुसार व्यायाम करने, भोजन में फल-सलाद को शामिल करने तले-भुने आहार से परहेज करने के साथ ही स्वस्थ्य जीवन के लिए संतुलित आहार, पर्याप्त नींद को आवश्यक बताया। उन्होंने उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के रोगियों में हो रही लगातार वृद्धि पर चिंता जताते हुए इनसे बचाव के लिए जीवन चर्या में जरूरी बदलाव करने के तरीकों को बताया। शिविर प्रभारी डॉ.सुनील मंदिलवार ने मौसमी रोगों से बचाव के तरीकों को बताया तथा सर्दी में मौसम में छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी। अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बढ़ते वात रोगों के कारण एवं इनके निवारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। चिकित्सकों ने ठंड के मौसम में बहुतायात में होने वाले श्वास, सर्दी-जुकाम एवं उदर रोगों से बचाव के तरीके बताए। चिकित्सकों ने मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से सुरक्षा एवं आपात स्थिति के उपायों की भी जानकारी दी। शिविर में कुल 756 मरीजों का उपचार किया गया जिनमें 123 बातरोग, प्रतिश्याय एवं उदररोग आदि से संबंधित असाध्य रोगी शामिल है। इस दौरान डॉ.डी जायसवाल, डॉ.भारती परिहार, डॉ.पवन गुप्ता, डॉ.प्रीति कौशल, डॉ.नेहा गोड़, डॉ.गुफरान, नजीब, डॉ.अतुल सिंह परिहार, डॉ.तरूण राही, डॉ.सीमा मेहरा, डॉ.ज्योति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट एवं औषधालय सेवक उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411